ePaper

चंबा की आवाज़

CHAMBA की आवाज़

हिमाचल की हर हलचल | सच, सवाल और सरोकार

दिनांक : 7/जून /2026

विज्ञापन व समाचारों हेतु संपर्क करें
94180 67333, 70182 04646 E-mail: chambakiawaj@gmail.com

www.chambakiawaj.com | chambakiawaj | @chambakiaawajtv6570 | @vinodkumarpk7 | @chambakiawaj

चंबा जिला परिषद में अनुभव और युवा जोश का संगम, 18 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

चंबा की आवाज / विनोद कुमार

चंबा, 7 जून। जिला मुख्यालय चंबा में शनिवार को नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने जिला परिषद चंबा के 18 नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला परिषद ग्रामीण विकास की आधारभूत इकाई है और जिले के समग्र विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सदस्य अपने पांच वर्षीय कार्यकाल के दौरान जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि इस बार जिला परिषद में एक ओर जहां अनुभवी जनप्रतिनिधि दोबारा जीतकर पहुंचे हैं तो युवा चेहरे भी पहली बार चुनाव जीतकर इस परिषद का हिस्सा बने हैं। ऐसे में अनुभव और युवा ऊर्जा का यह संतुलन जिला परिषद चंबा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर मौके पर अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला चंबा के किस जिला परिषद वार्ड से कौन जीता

चंबा जिला परिषद वार्ड करयास से सुनीता कुमारी, सनवाल वार्ड से निर्मला भूटानी, चांजू वार्ड से रजीन देवी, खणी वार्ड से सुभाष चंद, भरमौर वार्ड से लीला देवी, गैहरा वार्ड से सुनील दत्त शर्मा, करियां वार्ड से राज सिंह ठाकुर, बख्तपुर वार्ड से इंदिरा कपूर, कथेट वार्ड से दिव्य ज्योति, बनेट वार्ड से संदीप कुमार व नैनीखड्ड से प्रदीप कुमार, जियूंता से मीनाक्षी कपूर, सरोल वार्ड से लियाकत अली, चकलू वार्ड से अंजु कुमारी, करवाल वार्ड से अंशुल कुमार, ब्याणा वार्ड से रेखा ठाकुर, किहार वार्ड से कमली ने जीत दर्ज की।